**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
**जनसंपर्क कार्यालय**
**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस पर हिंदी विश्वविद्यालय में कुलपति ने किया ध्वजारोहण

वर्धा, 01 मई, 2026 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के वाचस्पति भवन के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में

कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मंच पर छात्र कल्याण व संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, वित्त अधिकारी पी. सरदार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से हुई। डॉ. तेजस्वी एच. आर., शिल्पा ने राष्ट्र गीत गाया। इसके बाद कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया। विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने बैंड पर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इसके उपरांत महाराष्ट्र गीत जय जय महाराष्ट्र माझा गर्जा महाराष्ट्र माझा प्रस्तुत किया गया।

कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने उपस्थित सभी को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

01 मई, 1960 को महाराष्ट्र राज्य का गठन हुआ था, जो मराठी भाषा, संस्कृति और पहचान के संरक्षण का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने महाराष्ट्र राज्य और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने तथा संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए संकल्प लिया।

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**
**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org
**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**